सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक – एस॰एस॰वि॰वि॰/सा॰1778/2018 दिनाङ्क 18 दिसम्बर, 2018

कार्यालय-ज्ञाप

माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण/शहर) कार्यक्रम को प्रदेश में क्रियान्वित किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-2280/सत्तर-3-2018 दिनांक 03.12.2018 के द्वारा विश्वविद्यालय को निदेश हुआ है कि इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी रूप से क्रियान्वित करायें एवं उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास सुनिश्चित किया जाय।

1. एक माह का विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के मुख्यालय, जिला कार्यालय, विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के प्रांगण, हॉस्टल, कक्षायें, शौचालय एवं सभी सार्वजिनक स्थल पर सफाई अभियान चलाया जाय।
2. मुख्यालय कार्यालय, विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के परिसर में एकत्रित हुए/होने वाले कूड़े का समुचित निस्तारण किया जाय। इसके पश्चात ऐसे व्यवस्था सुनिश्चित की जाय कि स्वच्छता सतत् रूप से बनी रहे।
3. अभियान में जन-सहभागिता को भी सम्मिलित किया जाय।
4. स्वच्छता हेतु सेमिनार, संगोष्ठी तथा स्लोगन/बैनर के साथ रैली का आयोजन करके जन-मानस को प्रेरित किया जाय।

शासन द्वारा प्राप्त उक्त निर्देश के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय के समस्त विभागों/अनुभागों एवं सम्बन्धित समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षा है कि कार्यक्रम को क्रियान्वित कराने में अपना सहयोग प्रदान करें। साथ ही विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक एवं सम्पत्ति अधिकारी एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करें।

भवदीय,

/

(राज बहादुर)
कुलसचिव

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित-

1. सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना।
3. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. समस्त विभागानुभाग
5. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के बेवसाइट पर अपलोड करें।
6. प्रधानाचार्य - सम्बद्ध महाविद्यालय।
7. सम्पत्ति अधिकारी।
8. सम्बद्ध पत्रावली।